**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि 14 जुलाई** 2025 **समय** 1810

**मुख्य समाचार :-**

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हरियाणा के नए राज्यपाल के नियुक्ति की- प्रोफेसर आशिम कुमार घोष नए राज्यपाल होंगे।

- एक्सिओम -4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की अंतरिक्ष से वापसी शुरू हुई ।

- भारत के विज्ञान और दृढ़ संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि चंद्रयान तृत्य ने अपने प्रक्षेपण के 2 वर्ष पूरे किए।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गन्नौर की अंतराष्ट्रीय बागबानी फल एवं सब्ज़ी मंडी में निर्माण कार्यों के समीक्षा की , आला अधिकारीयों को एक साल की अवधी
  में मंडी चालू करने के निर्देश दिए।

- हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों से जुड़े विवादों एवं शिकायतों के निपटान के लिए हर विभाग व् संगठन में कर्मचारी शिकायत निवारण समिति गठित करने के निर्देश दिए।

*************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज हरियाणा और गोवा में नए राज्यपालों और लद्दाख में उपराज्यपाल की नियुक्ति की है। पूर्व नागरिक विमानन मंत्री पुष्पावती अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, वहीं प्रो. आशिम कुमार घोष हरियाणा के राज्यपाल होंगे। कविंदर गुप्ता को लद्दाख का

उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने लद्दाख के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर डॉ. बी. डी. मिश्रा का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया है।

****************************************************************
***********

एक्सियोम-4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू हो गई। वापसी यात्रा भारतीय समय के अनुसार आज लगभग शाम साढ़े चार बजे से शुरू हुई। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि मिशन के सदस्य कल दोपहर लगभग 3 बजे धरती पर पहुंच जाएंगे। शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को सात दिन के पुनर्वास में रखा जाएगा ताकि वे वापस धरती के गुरुत्वाकर्षण में समायोजित हो सके। लखनऊ में मीडिया से बातचीत में शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि सुरक्षित वापसी के लिए वे लगातार ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं।

***जिसके लिए हम लोग इतने दिनों से इंतजार कर रहे थे। अब वह जो वा□सी हो रही है हम लोगों को बहुत ही खुशी है और बहुत प्रसन्न है कि जल्दी से जल्दी वह वा□स आ जाय। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह जो सक्सेस जो है □ृथ्वी □र आसानी से उनका वा□स हो, यह हमारे लिए बड़ी खुशी का दिन है।***

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष केंद्र में 14 दिन के मिशन के दौरान भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित सात प्रयोग किए।

****************************************************************
***********

भारत के विज्ञान और दृढ़ संकल्प की ऐतिहासिक उपलब्धि, **चंद्रयान-**तृत्य ने अपने प्रक्षेपण के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2023 में आज ही के दिन, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो द्वारा विकसित एलवीएम3 एम4 रॉकेट ने चंद्रयान-तृत्य को सफलतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया था। चंद्रयान-3 में एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल, और एक रोवर शामिल था। जिसका उद्देश्य अंतरग्रहीय मिशन के लिए नई तकनीकों को विकसित करना था। इस मिशन के दौरान कई प्रयोग किए

गए, जिसमें चंद्रमा की सतह के वायुमंडल का अध्ययन, खनिज तत्वों की उपस्थिति और चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान का अध्ययन शामिल था।

********************************************************

***********

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य के विरूद्ध प्रवर्तन निदेशालय की अभियोजन शिकायत पर सुनवाई पूरी कर ली है। अदालत 29 जुलाई को इस मामले में अपना फैसला सुनायेगी। यह मामला नेशनल हेराल्ड मामले में पूरक अभियोग-पत्र पर संज्ञान लेने से संबंधित था। इस मामले में कांग्रेस के नेताओं के विरुद्ध धनशोधन के आरोप लगाए गए हैं। सभी आरोपियों ने आरोप-पत्र के संज्ञान पर प्रवर्तन निदेशालय की याचिका का विरोध किया है और लगाए गए आरोपों का खंडन किया है।

********************************************************

***********

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आ□ हमारी वेबसाइट** newsonair.gov.in **□र लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल** Akashvani News Chandigarh **□र भी उ□लब्ध हैं।**

********************************************************

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गन्नौर की अंतर्राष्ट्रीय बागवानी,फल एवं सब्जी मंडी के चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने मंडी से संबंधित विभागों के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति कार्यों की जानकारी हासिल की और उन्हें तय अवधि से पहले मंडी चालू करने के निर्देश दिए।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी एक साल की अवधि में ही समय से पहले चालू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके बनने से प्रदेश के विकास में काफी फायदा होगा।इस अवसर पर सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा,गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान व राई विधायक कृष्णा गहलावत भी मौजूद रहे।

***********************************************************************

स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में हरियाणा के करनाल शहर को देश के 15 स्वच्छ शहरों में स्थान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने जो स्वच्छता अभियान शुरू किया था उसके परिणाम आज मिलने लगे हैं।

उन्होंने बताया कि सोनीपत को भी मंत्री स्तरीय पुरस्कार के लिए चुना गया है।

उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय करनाल के जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मियों व जनता को देते हुए कहा-

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 17 जुलाई को नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में करनाल नगर निगम को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी।

***********************************************************************

हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों से जुड़े विवादों अथवा शिकायतों के निपटान को गम्भीरता से लेते हुए, हर विभाग व संगठन में 'कर्मचारी शिकायत निवारण समिति' गठित करने के निर्देश दिए हैं। हर शिकायत का निपटारा अधिकतम आठ सप्ताह में करना आवश्यक होगा।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अब कर्मचारियों को अदालत में जाने से पहले विभागीय शिकायत निवारण समिति के माध्यम से समाधान करवाना अनिवार्य होगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा समिति के गठन संबंधी यह निर्देश प्रशासनिक न्याय विभाग द्वारा जारी हरियाणा राज्य कानूनी विवाद नीति, 2025 के प्रावधानों के अनुरूप जारी किए गए हैं।

************************************************************************************

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया प्रत्येक बुधवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक यू.टी. सचिवालय में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई से पूर्व, वे पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान प्राप्त जन संदर्भों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा हेतु प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे नागरिक जो प्रशासक से मिलना चाहते हैं, वे अपनी प्रतिवेदन ईमेल पते admr-chd@nic.in पर भेज सकते हैं। प्रशासक से भेंट पूर्व निर्धारित समय पर ही की जा सकेगी।

************************************************************************************

सावन माह के पहले सोमवार को नूह के नल्हड़ेश्वर महादेव मंदिर में ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा का आगमन धूमधाम और भव्यता के साथ हुआ।

हरियाणा के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने ऐतिहासिक एवं पवित्र नल्हड़ेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन के पहले सोमवार को इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से नूंह में माहौल शिवमय हो गया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना सभी का दायित्व है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे यात्रा के दौरान संयम, अनुशासन और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे।

************************************************************************************

हरियाणा के जेल महानिदेशक मोहम्मद अकील ने आज करनाल जेल में जेल विभाग द्वारा संचालित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया और वहां पर दी जाने वाली सुविधाओं व व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंप पर कार्य कर रहे कैदियों से भी बातचीत की।उन्होंने बताया कि इस पम्प पर 24 घंटे पेट्रोल व डीजल के साथ-साथ सीएनजी भी उपलब्ध होगी। पम्प का संचालन कैदी करेंगे।

***************************************************************
***********